Title: Need to open a Central School at Mashrakh (Saran) in Bihar at the earliest.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : अध्यक्ष महोदय, मेरे गृहनगर मशरख(सारण) में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु मैंने पत्र के माध्यम से माननीय मानव संसाधन मंत्री जी को अनुरोध किया था। केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा विद्यालय की स्थापना की उत्सुकता भी दिखाई गई किंतु स्थानीय जनता की वर्षों से लंबित यह मांग आज तक पूरी नहीं हो सकी है। मशरख में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु सारी कागजी औपचारिकताएं भी पूरी कर ली गई हैं। मैंने स्वयं भी जिलाधिकारी छपरा के माध्यम से विद्यालय भवन हेतु पर्याप्त भूमि उपलब्ध कराने एवं हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन केन्द्रीय विद्यालय संगठन को दिया है। किंतु आज तक भवन निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है। अध्यक्ष जी, मशरख प्रखंड मुख्यालय होने के साथ-साथ यहां राजकीय विद्यालय, कालेज, रेलवे स्टेशन, बड़ा बाजार, बैंक, थाना, दूरभाा केन्द्र तथा राज्य सरकार के कई कार्यालय हैं। करीब एक लाख की आबादी वाले इस प्रखंड मुख्यालय में करीब हजार बारह सौ सरकारी कर्मचारी हैं तथा केन्द्रीय विद्यालय के अभाव में इनके बच्चों की शिक्षा दीक्षा प्रभावित होती है। यही नहीं मेरी कमिश्नरी छपरा के क्षेत्र में कही भी कोई केन्द्रीय विद्यालय नहीं है।

अतः आपके माध्यम से मेरी सरकार से मांग है कि मशरख में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु अविलंब कार्रवाई की जाए।